बैठक कार्यवृत

दिनांक 04 सितम्बर 2021 को सभागार **"कार्यक्रम निदेशालय"** राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना देहरादून में डॉ0 आर0 मीनाक्षी सुन्दरम् सचिव सहकारिता की अध्यक्षता में आहूत राज्य स्तरीय नियोजन समिति (एस0एल0पी0सी0) की बैठक में उपस्थिति का विवरण निम्न प्रकार से है--

1. डॉ0 मीनाक्षी सुन्दरम सचिव सहकारिता/मुख्य कार्यक्रम निदेशक, राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना।
2. श्री आनन्द स्वरूप निबन्धक सहकारी समितियां उत्तराखण्ड।
3. श्री गौरीशंकर निदेशक, कृषि विभाग उत्तराखण्ड।
4. श्री बी0एल0 फिरयाल निदेशक, डेरी विभाग उत्तराखण्ड।
5. श्री अमित कुमार निगम उप-निदेशक, NCDC Dehradun।
6. श्री नृपेन्द्र चौहान निदेशक, सेन्टर फॉर एरोमेटिक प्लान्ट्स।
7. डॉ0 प्रेम कुमार निदेशक, पशुपालन विभाग उत्तराखण्ड।
8. डॉ0 नीरज सिंघल पशुपालन विभाग उत्तराखण्ड।
9. श्रीमती ईरा उप्रेती, अपर निबन्धक, सहकारिता विभाग उत्तराखण्ड।
10. श्री आनन्द ए0डी0 शुक्ल परियोजना निदेशक/अपर निबन्धक राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना।
11. डॉ0 अविनाश आनन्द परियोजना निदेशक, भेड एवं बकरी क्षेत्रक राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना।
12. डॉ0 जयदीप अरोडा परियोजना निदेशक, डेरी क्षेत्रक राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना।
13. डॉ0 एच0 के0 पुरोहित परियोजना निदेशक मत्स्य क्षेत्रक राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना।
14. श्री आर0 एम0 तिवारी उप सामान्य प्रबन्धक (इंजी0) उत्तराखण्ड कोऑपरेटिव डेरी फेडरेशन हल्द्वानी।
15. श्री भरत सिंह रावत उप-परियोजना निदेशक, राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना।
16. श्री मनोज सिंह रावत कार्यक्रम प्रबन्धक, राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना।
17. श्री फरीदआजम किरमानी ग्रुप सदस्य पी0एम0सी0 कॉपरेटिव प्रोजेक्ट यू0के0सी0डी0पी0।

बैठक में सचिव सहकारिता/मुख्य कार्यक्रम निदेशक द्वारा राज्य स्तरीय नियोजन समिति के सदस्यों को अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम द्वारा अंकन 10000.00 लाख रु0 की ऋण परियोजनान्तर्गत प्राप्त हुयी है जिसका क्षेत्रकवार विवरण निम्नवत् है-

(धनराशि लाख रु0 में)

क्र0	क्षेत्रक का नाम	राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम द्वारा मूल आवंटन धनराशि	कार्यक्रम निदेशालय द्वारा प्रथम पुनरीक्षित आवंटन/अवमुक्त धनराशि	अगस्त 2021 मे कार्यक्रम निदेशालय द्वारा द्वितीय पुनरीक्षित आवंटन/अवमुक्त धनराशि
01	सहकारिता क्षेत्रक	1700.00	2300.00	3300.00
02	डेरी क्षेत्रक	1300.00	1700.00	2200.00
03	भेड-बकरी क्षेत्रक	4000.00	3000.00	3000.00
04	मत्स्य क्षेत्रक	3000.00	3000.00	1500.00
	योग	10000.00	10000.00	10000.00

साथ ही राज्य स्तरीय नियोजन समिति के सदस्यों के समक्ष परियोजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष उपयोग की गयी धनराशि एवं वर्ष 2021–22 हेतु प्रस्तावित धनराशि के सम्बन्ध में क्षेत्रवार परियोजना निदेशकों द्वारा अपने–अपने क्षेत्रकों से सम्बन्धित किये जा रहे कार्यो का प्रस्तुतीकरण किया गया। सर्वप्रथम परियोजना निदेशक सहकारिता विभाग द्वारा प्रस्तुतिकरण किया गया।

सहकारिता क्षेत्रक–

परियोजना निदेशक सहकारिता द्वारा राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना की उत्पत्ति एवं वर्तमान में राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजनान्तर्गत सहकारिता क्षेत्रक द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गयी, परियोजना निदेशक, सहकारिता द्वारा अवगत कराया गया कि परियोजनान्तर्गत प्राविधानित/स्वीकृत धनराशि **मु0 3300.00 लाख रूपये** में से **मु0 2500.00 लाख रू0** का उपयोग निम्न गतिविधियों के संचालन/क्रियान्वयन हेतु किया गया–

1. हरा मक्का का उत्पादन कर सायलेज निर्माण एवं विपणन।
2. सेब संग्रह एवं विपणन।
3. अदरक की संयुक्त सहकारी खेती।
4. डमस्क रोज वैली हेतु नर्सरी का निर्माण।
5. बहु0 किसान सेवा सहकारी समिति लि0 लालढाग (गैन्डीखत्ता संकुल) पैक्स सशक्तिकरण।
6. जिला सहकारी संध लि0 देहरादून।
7. उत्तराखण्ड राज्य सहकारी संध लि0 देहरादून।
8. संयुक्त सहकारी कृषि गतिविधि।

साथ ही समिति को अवगत कराया गया कि शेष धनराशि का शत प्रतिशत उपयोग माह सितम्बर 2021 तक कर लिया जायेगा।

वर्ष 2020–21 हेतु अंकन 7319.00 लाख रूपये की ऋण की राशि प्राप्त किये जाने हेतु निम्न प्रकार प्रस्ताव प्रेषित किया गया –

S.	Sectoral Area	HO Sanction Letter No. and date	Project Cost (Amount in Lac)
1	UCF (Storage)	NCDC:27-1/2019-Stg./228/SA80138 dated 01/02/2019	308.00
2	Cold Chain	NCDC:3-1/2019-C-C/234/SA80144 dated 04/02/2019	280.00
3	Marketing	NCDC:21-3/2018-M/237/SA80148 dated 04/02/2019	5402.00
4	Food processing	NCDC:3-49/2018-FG/238/SA80149 dated 04/02/2019	1329.00
		Total	**7319.00**

सहकारिता क्षेत्रक हेतु मुख्य कार्यक्रम निदेशक/समिति द्वारा निम्न निर्देश दिये गये–

परियोजनान्तर्गत उपलब्ध करायी गयी धनराशि से संयुक्त सहकारी खेती के अन्तर्गत रोजगार सृजन कार्य करते हुये उन्ही मदो पर धनराशि की मांग की जाय जिनके अन्तर्गत धनराशि की वापसी शत प्रतिशत सम्भव हो।

(कार्यवाही परियोजना निदेशक, सहकारिता)

डेरी क्षेत्रक– परियोजना निदेशक,डेरी द्वारा अवगत कराया गया कि परियोजनान्तर्गत **मु0 2200.00 लाख रू0 की धनराशि** डेरी क्षेत्रक हेतु प्राविधानित/स्वीकृत की गयी जिसके सापेक्ष सम्पूर्ण धनराशि का उपयोग कर लिया गया है।

क्र0	मद	धनराशि (लाख रू0 में)
1	03 व 05 दुधारू पशुओं की यूनिट स्थापना	1100. 00
2	सहकारी डेरी फार्म की स्थापना	200.00
3	कार्यशील पूँजी	815.00
4	ब्राडिंग एवं मार्केटिंग	50.00
5	मूल्यांकन, संचालन तथा प्रबन्धन	35.00
	कुल योग	2200.00

परियोजना निदेशक डेरी, राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना ने पशु प्रेरण कार्यक्रम की योजना को संशोधित करने का अनुरोध किया। वर्तमान में पशु पालन कार्यक्रम में पशुपालक को 03, 05 और 50 मवेशी उपलब्ध कराने का प्रावधान है, जिसमें परियोजना निदेशक डेरी द्वारा संशोधन का अनुरोध किया है, क्योकि लाभार्थियों से प्राप्त फीडबैक के अनुसार पशुपालक को 02 और 20 मवेशी उपलब्ध कराने का अनुरोध करते हुये अंकन 1500.00 लाख करोड़ रू0 की मांग वर्ष 2021–22 हेतु की गयी।

डेरी क्षेत्रक हेतु मुख्य कार्यक्रम निदेशक/समिति द्वारा निम्न निर्देश दिये गये–

1. दुग्ध संघो को योजनान्तर्गत ससमय पर कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराई गयी है, जिससे दुग्ध उत्पादकों के दुग्ध मूल्य के भुगतान में विलम्ब न हो।
2. व्यवसायिक डेरी फार्मिंग हेतु पशुपालक को 02 और 20 मवेशी उपलब्ध की इकाई स्थापना हेतु सक्षम दुग्ध समितियां/सदस्यों का चयन किया जाये जिससे परियोजना की ऋण धनराशि की वापसी समय पर की जा सके।
3. दुग्ध सहकारी समितियों को धनराशि अवमुक्त कराने से पूर्व ऋण वापसी के सम्बन्ध में समस्त औपचारिकतायें पूर्ण कर ली जायें।
4. पशुपालक को 02 और 20 मवेशी की योजना को समिति द्वारा संस्तुति प्रदान की गयी।

(कार्यवाही परियोजना निदेशक, डेरी)

भेड–बकरी क्षेत्रक–

परियोजना निदेशक भेड–बकरी राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना द्वारा अवगत कराया गया कि परियोजनान्तर्गत मु0 3000.00 लाख रु0 की धनराशि भेड़–बकरी सेक्टर हेतु प्राविधानित/स्वीकृत की गयी। राज्य स्तर पर उत्तराखण्ड राज्य भेड़, बकरी शशक पालक कोऑपरेटिव फेडरेशन लि0 के माध्यम से सहकारी समितियों के सदस्यों को योजनान्तर्गत नस्ल सुधार हेतु उच्च गुणवत्ता के नर एवं मादा भेड़–बकरियां तथा संतुलित पशु–पोषण आहार एवं पशुचिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। उत्पन्न पशुओ को उत्तराखण्ड राज्य भेड़, बकरी शशक पालक कोऑपरेटिव फेडरेशन लि0 द्वारा क्रय किया जायेगा एवं भेड़–बकरी पालकों को सुनिश्चित मूल्य पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

परियोजना निदेशक भेड़–बकरी द्वारा वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु बजट की मांग नही की गयी।

भेड–बकरी क्षेत्रक हेतु मुख्य कार्यक्रम निदेशक/समिति द्वारा निम्न निर्देश दिये गये–

परियोजना निदेशक भेड–बकरी को मुख्य कार्यक्रम निदेशक/समिति द्वारा निर्देशित किया गया की परियोजनान्तर्गत उपलब्ध करायी गयी धनराशि का उपयोग स्वीकृत मदो मे ससमय करना सुनिश्चित करें तथा पशुपालन विभाग के माध्यम से संचालित योजनाओ के माध्यम से भी परियोजनान्तर्गत कार्यो का निर्वहन किया जाय।

(कार्यवाही परियोजना निदेशक, भेड़–बकरी)

मत्स्य क्षेत्रक–

परियोजना निदेशक मत्स्य द्वारा अवगत कराया गया कि परियोजनान्तर्गत अवमुक्त धनराशि अंकन 3000.00 लाख रु0 मात्र का उपयोग न हो पाने के कारण अंकन 1500.00 लाख रु0 मात्र की धनराशि कार्यक्रम निदेशालय को वापस की गयी। जिसके उपरान्त माह अगस्त 2021 मे कार्यक्रम निदेशालय

द्वारा द्वितीय पुनरीक्षित धनराशि आवंटन/अवमुक्त की गयी। मत्स्य क्षेत्रक द्वारा वापस की गयी धनरशि 1500.00 लाख रु0 मात्र के हस्तान्तरण की स्वीकृति प्रदान किये जाने हेतु समिति से अनुरोध किया गया।

वर्ष 2021–22 हेतु मत्स्य क्षेत्रक द्वारा परियोजनान्तर्गत धनराशि की मांग नही की गयी।

मत्स्य क्षेत्रक हेतु मुख्य कार्यक्रम निदेशक/समिति द्वारा निम्न निर्देश दिये गये–

मत्स्य क्षेत्रक हेतु मुख्य कार्यक्रम निदेशक/समिति द्वारा निर्देश प्रदान किये गये कि परियोजनान्तर्गत धनराशि ऋण राशि के रुप मे क्षेत्रको को अवमुक्त की जा रही है जिस हेतु परियोजनान्तर्गत सक्षम गतिविधियो हेतु ही धनराशि की मांग करे।

मत्स्य क्षेत्रक द्वारा वापस की गयी धनराशि को परियोजनान्तर्गत अन्य क्षेत्रको को हस्तान्तरण किये जाने के सम्बन्ध मे समिति द्वारा संस्तुति प्रदान की गयी।

(कार्यवाही परियोजना निदेशक, मत्स्य)

महोदय द्वारा संतोष व्यक्त करते हुये निम्नुसार निर्देश निर्गत किये कि सभी परियोजना निदेशको को निर्देशित किया गया कि परियोजनान्तर्गत अवशेष धनराशि का उपयोग स्वीकृत मदान्तर्गत शीध्र कर लें। सभी का धन्यवाद ज्ञाप्ति करते हुये बैठक का समापन किया गया।

ह0/–

(डॉ0 आर0 मीनाक्षी सुन्दरम)
सचिव सहकारिता/मुख्य कार्यक्रम निदेशक
राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना,
उत्तराखण्ड।

कार्यक्रम निदेशालय

राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना, उत्तराखण्ड

सहकारिता परिसर, निकट रेलवे क्रासिंग, मियांवाला, देहरादून।
दूरभाष:–0135–2685634 ई–मेल आई.डी.–cooperativeprojects.uk@gmail.com, ukstate.icdp@gmail.com

पत्रांक–263-67/रा0स0स0वि0प0/बैठक/एस0एल0पी0सी0–1/2021–22/ दिनांक सितम्बर 2021

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त परियोजना निदेशक, राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना उत्तराखण्ड।
2. समस्त सदस्य राज्य स्तरीय नियोजन समिति (एस0एल0पी0सी0)।
3. अपर मुख्य कार्यक्रम निदेशक, राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना उत्तराखण्ड।
4. मुख्य कार्यक्रम निदेशक, राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना उत्तराखण्ड।
5. निजी सचिव, सचिव, सहकारिता विभाग, उत्तराखण्ड शासन को सचिव महोदय के संज्ञानार्थ।

(आनन्द ए0डी0 शुक्ल)
नोडल अधिकारी/परियोजना निदेशक
राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना,
उत्तराखण्ड।